प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला में एकीकृत मातृ व शिशु अस्पताल स्थापित करने की संभावनाओं का पता लगाने के निर्देश दिए हैं। शिमला में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सचिव आशीष सिंहमार के नेतृत्व में एक समिति गठित करने के निर्देश दिए। यह समिति इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में इस इकाई की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करेगी, ताकि इसका प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य मरीजों को एक ही छत के नीचे विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मेडिकल कॉलेजों में नैदानिक सेवाओं के दृष्टिगत मरीज़ों के लिए प्रतीक्षा अवधि को शून्य करने के लिए भी स्वास्थ्य विभाग को सुझाव देने को कहा।

भाजपा–जश्न

पश्चिम बंगाल में जीत के बाद भाजपा प्रदेश भर में जश्न मना रही है। पार्टी के शिमला मंडल ने आज ढोल–नगाड़ों के साथ खुशी मनाते हुए लड्डू बांटे। इस अवसर पर भाजपा नेता संजय सूद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कमल का फूल खिलने से पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने इस जीत के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को बधाई दी है।

संजय सूद ने कहा कि कांग्रेस निराशा में कुछ भी बोल सकती है और जब जनता कांग्रेस को नकारती है तो ईवीएम व चुनाव आयोग पर सवाल उठाती है।

वॉच एंड पेट्रोल'

प्रदेश पुलिस ने अपनी नागरिक–हितैषी 'वॉच एंड पेट्रोल' पहल को शिमला के मॉल रोड से आगे बढ़ाते हुए मनाली, सोलन और मैक्लोडगंज सहित अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों तक सफलतापूर्वक विस्तारित किया है। पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने आज शिमला में बताया कि आरम्भ में मॉल रोड पर पुलिस विजिविलिटी बढ़ाने, जन सुरक्षा सुनिश्चित करने और पर्यटकों की सहायता के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल अब सेवा, सुलभता और जन विश्वास पर आधारित आधुनिक पुलिस का एक प्रभावी मॉडल बनकर उभरी है। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत सेरेमोनियल वर्दी में पुलिस कर्मियों को प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर तैनात किया गया है, जो पर्यटकों की सहायता, मार्गदर्शन, वरिष्ठ नागरिकों की मदद और आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करेंगे।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने नादौन के सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के साथ विलय करने के प्रदेश सरकार के निर्णय पर कड़ा विरोध जताया है। नादौन क्षेत्र के आम लोगों और अभिभावकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस विषय में आज डॉक्टर सिकंदर से भेंट कर इस फैसले पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। सिकंदर कुमार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस विलय को तुरंत रद्द करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस कन्या विद्यालय में लगभग 5 सौ छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं और सरकार का यह कदम क्षेत्र की बेटियों की शिक्षा और उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। उन्होंनें स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने जनहित में इस निर्णय को वापस नहीं लिया, तो भारतीय जनता पार्टी इसके विरुद्ध बड़ा आंदोलन करेगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज दोपहर बाद बारिश हो रही है। पिछले तीन दिनों से रूक–रूक कर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और मई महीने में भी लोगों को सर्दी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग ने आज व कल प्रदेश के कई जिलों में अंधड़, बारिश व बिजली कड़कने का अलर्ट जारी किया है।

———